महत्वपूर्ण एवं खास

लाठी डंडो के पहार से हत्या

मुजफरनगर(**आरएनएस**)। कुछ अज्ञात लोगो ने दबंगई करते हुए देशी दवा बेच कर अपनी आजीविका चलाने वालो पर लाठी डन्डो से प्रहार कर उन्हे बुरी तरह घायल कर दिया। इस घटना मे गंभीर रूप से घायल एक व्यक्ति की मौत हो गई। जानकारी के अनुसार शहर कोतवाली क्षेत्रा के शामली रोड स्थित खांजापुर मे मूलरूप से सिरसा हरियाणा निवासी कुछ लोग पिछले कुछ समय से सडक किनारे तम्बू लगाकर रह रहे हैं तथा उक्त सभी लोग देशी दवा-बूटी बेचने का का काम करते हैं। बताया जाता है कि देर रात करीब पौने दो बजे ये सभी साधु अपने डेरे मे सो रहे थे कि इसी बीच लाठी-डन्डो से लैस कुछ अज्ञात हमलावरो ने तम्बू मे सो रहे उक्त साधुओ पर हमला बोलते हुए उनके साथ जबरदस्त मारपीट कर डाली तथा विरोध् करने पर व आत्मरक्षा के लिए शोर मचाने पर उक्त हमलावर तुरन्त ही मौके से पफरार हो गए। बदमाशो के जाने के बाद इस घटना से बदहवास उक्त इन लोगो ने पुलिस को सूचना पर आपबीती सुनाई तथा मदद की गुहार लगाई। देर रात डेरे पर हमले की खबर से कोतवाली पुलिस मे हडकम्प मच गया और कुछ ही देर मे कोतवाली पुलिस व डायल 100 टीम घटना स्थल पर पहुंच गई। मौके पर पहुंची कोतवाली पुलिस ने आला अध्किारियो को भी इस मामले की सूचना दी। पुलिस ने पीडित पक्ष से पूरे मामलात की जानकारी ली। मामला संज्ञान मे आते ही एसएसपी अनंत देव, एसपी सिटी ओमवीर सिह, सीओ सिटी हरीश भदौरिया आदि अध्किारी मौके पर पहुंच गए।

पुलिस अध्किारियो द्वारा की गई पूछताछ मे इन लोगो ने बताया कि वे सभी लोग मूल रूप से निकटवर्ती राज्य हरियाणा के जनपद सिरसा के निवासी हैं तथा देशी दवाओ व जडी बूटी बेचने का काम करते हैं। उनके कुछ साथी सपेरे भी हैं। व`लोग सिरसा के गांव मोरीवाला थाना डिगरोल के निवासी हैं। उनका कहना है कि वे लोग पिछले कापफी समय से उक्त स्थान पर अपना डेरा बना कर रह रहे हैं तथा देशी दवा व जडी-बूटी बेचने का काम करते हैं। उनका कहना है कि कुछ अज्ञात लोगो ने उनके डेरे पर हमला बोल दिया। इस दौरान हुई मारपीट मे जगरूक नाथ पुत्रा लोकनाथ, सुखबीर नाथ पुत्रा जगरूक नाथ, बसन्त नाथ, कुलदीप नाथ, परमजीत नाथ, शैंकी नाथ आदि बुरी तरह घायल हो गए। पुलिस ने तुरन्त ही एम्बूलैन्स की मदद से इन सभी घायलो को उपचार के लिए जिला अस्पताल भिजवाया। जहां डाक्टरो ने जगरूकनाथ व बसन्त नाथ की गंभीर हालत का देखते हुए उन्हे मेरठ रैपफर कर दिया। लेकिन गंभीर रूप से घायल जगरूकनाथ ने रास्ते मे ही दम तोड दिया। कोतवाली पुलिस ने पंचनामा भर कर शव को पोस्ट मार्टम के लिए मोर्चरी पर भिजवा दिया तथा साधु बलवन्त नाथ की तहरीर पर अज्ञात हमलावरो के खिलापफ हत्या का मामला दर्ज कर भागदौड व छानबीन शुरू की। पुलिस सूत्रो का कहना है कि इस पूरे मामले की छानबीन की जा रही है। प्रथम दृष्टया यह मामला आपसी रंजिश प्रतीत हो रहा है। जबकि चर्चा यह भी रही कि उक्त बदमाशो नो लूट का विरोध् करने पर इन लोगो के साथ मारपीट की गई।

जिले में टी.बी.मरीजों के कारण संक्रामक रोगों कीभरमार

मुजफ्फरनगर,(**आरएनएस**)। मुख्य चिकित्साधिकारी डा. पीएस मिश्रा ने पत्रकारों को जानकारी देते हुए बताया कि जिले में टीबी रोग के मरीज छिपे हुए है जिन्हे चिन्हित करने का कार्य अब शुरू किया जा रहा है। टीबी मरीजों के कारण जनपद में संक्रामक रोगों की भरमार हो रही है और एक तरह से ये लोग बीमारियां बांट रहे है। जिला अस्पताल में रेड क्रास भवन में पत्रकारों से वार्ता करते हुए मुख्य चिकित्साधिकारी ने कहा कि टी.बी. की दवा पर निरन्तर शोध चल रहा है। पहले एक दिन के अंतराल से गोली खिलाई जाती थी लेकिन अब प्रतिदिन दवाई खिलाई जा रही है इसके बाद भी सरकारी अस्पतालों में टी.बी. के मरीजों की संख्या नगण्य बन रही है जबकि प्राईवेट चिकित्सालयों में टी.बी. के मरीजों की संख्या ज्यादा बढ़ रही है। उन्होंने अफसोस जताया कि टी.बी. के मरीज जिला चिकित्सालय में आकर जगह जगह थूककर गंदगी और बीमारियां फैला देते है। इसमे जन जागरण की आवश्यकता है। जिला टी.बी. रोग अधिकारी डा. लोकेश चंद गुप्ता ने पत्रकारों से वार्ता करते हुए बताया कि दुनिया में टी.बी. के जितने मरीज है उनमे से 28 प्रतिशत भारत में है और इसमे भी बीस प्रतिशत मरीज अकेले उत्तर प्रदेश से है। उन्होंने बताया कि प्रत्येक वर्ष 14 लाख टी0बी0 के मरीजों की मौत हो जाती है। डा. लोकेश चंद ने कहा कि 2025 तक टी.बी. के मरीज छटने का लक्ष्य निर्धारित किया गया है जिसके लिए बघरा, पुरकाजी, खतौली व नगर क्षेत्र में मिश्रित आबादी में सौ टीमे बीस सुपरवाईजरों के नियंत्रण में चलायी जा रही है ताकि छिपे हुए मरीजों को बाहर निकाला जा सके। उन्होंने बताया कि हर पांच मिनट में टी.बी. से दो से तीन मरीज दम तोड़ देते है। खतरनाक टी.बी. की जांच के लिए एक मशीन शहर में और एक बघरा में लगाई जाचुकी है। यद्यपि यह बीमारी अनुवांशिक नहीं है। नवजात बच्चों को पैदा होते ही बीसीजी का जो टीका लगाया जाता है वो इसी कीरोकथाम के लिए होता है। फिलहाल जनपद में नियमित रूप से बारह टी.बी. यूनिट काम कर रही है जिसमें एक यूनिट मैडिकल कालेज में भी है। आर.एन.टीसी कार्यक्रम के अंतर्गत मीडिया कार्यशाला में पत्रकारों से रूबरू होते हुए डा. लोकेश चंद ने कहा कि पोलियो की तर्ज पर टी.बी. की टीमे घर-घर जाकर लोगों का बलगम निकालेगी और जांच कर उन्हे बतायेगी कि कहीं उन्हे टी.बी. का रोग तो नहीं है।

सभी को अपनी आस्था प्रकट करने का अधिकार

लखनऊ,(**आरएनएस**)। रंगों का त्योहार होली मनाने मथुरा के बरसाना पहुंचे उत्तर प्रदेश के मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने शनिवार को कहा कि हर व्यक्ति को अपनी आस्था प्रकट करने का अधिकार है और इसमें किसी को कोई आपत्ति नहीं होनी चाहिए। उल्लेखनीय है कि इससे पहले दीपावली मनाने के लिए योगी अयोध्या गए थे। श्रीकृष्ण जन्मभूमि मंदिर के गर्भगृह के दर्शन के बाद उन्होंने वहां की सुरक्षा व्यवस्था का जायजा लिया। एक सवाल के जवाब में योगी ने कहा, मैं हिंदू हूं। हर एक को अपनी आस्था प्रकट करने और धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार है। वह अधिकार मुझे भी है। योगी ने कहा कि पिछले 11 महीने में न किसी को ईद मनाने से रोका गया और न ही क्रिसमस मनाने से। सभी अपने तरीके से अपनी आस्था व्यक्त करते हैं। धार्मिक स्वतंत्रता का अधिकार सभी को है। योगी ने कहा कि दीपोत्सव अयोध्या में, होली बरसाना में, देव दीपावली काशी में, रामायण मेला चित्रकूट में और कुंभ प्रयागराज में ही होगा। हमें अपनी परंपरा और अपनी विरासत पर गौरव की अनुभूति है। इसके संरक्षण और संवर्धन का दायित्व हम सभी के ऊपर है।

कर्मचारियों ने एनजीओ के खिलाफ खोला मोर्चा

मेरठ ,(**आरएनएस**)। गंगानगर थाने के गंगासागर डी ब्लॉक स्थित आयशा वैलफेयर सोसायटी के खिलाफ मोर्चा खोलते हुए एनजीओ के कर्मचारियों ने कलेक्ट्रेट पर प्रदर्शन किया। उन्होंने एनजीओ संचालकों पर समाजसेवा की आड़ में फर्जीवाड़े का आरोप लगाया है। संस्था के दर्जनो पुरूष और महिला कर्मचारी शुक्रवार को कलेक्ट्रेट पहुंचे। उन्होंने बताया कि पांच माह पहले खोली गई इस संस्था में आसपास के ग्रामीण क्षेत्रों के युवाओं को सुनहरे सपने दिखाकर विभिन्न पदों पर नियुक्त किया गया था। सभी कर्मचारियों से रिफेंडेबल सिक्योरिटी के नाम पर 15 से 25 हजार की रकम का ड्राफ्ट एनजीओ के नाम जमा कराया गया था। एनजीओ की डीपीएम प्रीती चैधरी उर्फ रिया सिरोही और जोनल चीफ ने सभी कर्मचारियों को अपने नीचे दो-दो अन्य सदस्य बनाए जाने की जिम्मेदारी सौंपी। आरोप है कि एनजीओ संचालकों ने दर्जनों लोगों से सिक्योरिटी के नाम पर लाखों की रकम वसूल ली। एनजीओ के कर्मचारियों को न तो पांच माह से वेतन दिया गया है और न ही उनके द्वारा जमा कराई गई सिक्योरिटी की रकम वापस की जा रही है। वहीं वेतन और सिक्योरिटी की रकम मांगने पर एनजीओ के संचालक दबंगई पर उतारू हो गए हैं। काव्यांजलि वैलफेयर सोसायटी के बैनर तले प्रदर्शन करते हुए पीडितों ने उक्त एनजीओ पर फर्जीवाड़े का आरोप लगाते हुए कार्यवाही की मांग की।

तंबाकू उत्पाद बेचने वालों पर होगी कार्रवाई

अल्मोड़ा, (**आरएनएस**)। तंबाकू उत्पादों की शैक्षिक संस्थाओं की आसपास बिक्री न हो, इसके लिए शैक्षिक संस्थाओं की सौ गज की परिधि में इन्हें प्रतिबंधित किया गया है। इसके बाद भी अगर कोई व्यक्ति ऐसा करता हुआ पाया गया तो उसके खिलाफ सख्ती से कार्रवाई की जाएगी। राष्ट्रीय तंबाकू नियंत्रण कार्यक्रम के तहत स्कूली बच्चों और स्थानीय लोगों को जागरूक करने के उद्देश्य से राजकीय इंटर कॉलेज सत्यूं और बालिका इंटर कॉलेज जलना में आयोजित कार्यक्रम को संबोधित करते हुए अपर मुख्य चिकित्सा अधिकारी डॉ. योगेश पुरोहित ने यह बात कही। उन्होंने बताया कि तंबाकू देश के लिए खतरनाक चुनौती और महामारी साबित हो रही है। पुरोहित ने कहा कि गुटखा, पान मसाला, खैनी, सिगरेट, सिगार जर्दा आदि पदार्थो के प्रयोग से प्रतिवर्ष दस लाख से अधिक लोगों की मौत हो रही है। जबकि अधिकांश लोग कैंसर, लकवा, हृदय रोग, खासी, क्षय रोग, अस्थमा, मोतियाबिंद, रक्तचाप समेत अनेक बीमारियों के शिकार हो रहे हैं। नोडल अधिकारी डॉ. सविता ह्यांकी ने बताया कि धूमपान करने वाले व्यक्ति के सामने खड़े रहने से भी इसका नुकसान होता है। उन्होंने बताया कि 18 वर्ष से कम आयु के बच्चों को तंबाकू उत्पाद बेचना कानूनन जुर्म है।

मलबे की चपेट में आने से पूर्व सैनिक की दर्दनाक मौत

रुद्रप्रयाग,(**आरएनएस**)। गुप्तकाशी-कालीमठ मोटरमार्ग पर निर्माणाधीन कालीमठ-जग्गी बगवान मोटरमार्ग का मलबा पड़ने से एक पूर्व सैनिक की दर्दनाक हादसे में मौत हो गई। घटना की सूचना मिलने के बाद पुलिस मयफोर्स घटना स्थल पर पहुंची, लेकिन तब तक पूर्व सैनिक की मृत्यु हो गई थी। बाद में शव का पंचनामा भरकर पुलिस ने पीएम के लिये जिला चिकित्सालय भेजा। दरअसल, इन दिनों कालीमठ-जग्गीबगवान मोटरमार्ग का निर्माण कार्य चल रहा है और पूर्व सैनिक रविन्द्र सिंह चैहान ही कार्य की देख-रेख कर रहे थे। शुक्रवार को वह कार्य की देख रेख करने ही गये थे। निर्माणाधीन कालीमठ-जग्गीबगवान मोटरमार्ग पर एक पोकलैंड मशीन खड़ी थी और मशीन के निकट पहाड़ी पर कुछ बोल्डर मलबा अटका पड़ा था। इस दौरान अचानक मलबा पहाड़ी से नीचे गिरने लगा। इस बीच पूर्व सैनिक और ठेकेदार रविन्द्र चैहान पुत्र वीरेन्द्र चैहान निवासी देवर ने जान बचाने के पूरे प्रयास किये, लेकिन वह मलबे की चपेट में आ गये और घटना स्थल पर ही दम तोड़ दिया। सूचना मिलने पर थानाध्यक्ष गुप्तकाशी राजेन्द्र सिंह रौतेला मयफोर्स घटना स्थल पर पहुंचे और पत्थर व मलबे को साफ किया, लेकिन तब तक उन्होंने दम तोड़ दिया।

सक्रिय टीबी रोगी पहचान अभियान शुरू

बलरामपुर ,(**आरएनएस**)। टीबी रोग का इलाज पूरी तरह से सम्भव है लेकिन इलाज बीच में ही नही छोड़ना चाहिए क्योकि पूर्ण इलाज न होने पर ये रोग असाध्य साबित हो सकता है। सक्रिय टीबी रोगी की पहचान के लिए शानिवार 24 फरवरी से विषेष अभियान चलाया जा रहा है। यह बात मुख्य चिकित्सा अधिकारी डा. धनष्याम सिंह ने एक पत्रकार वार्ता में दी। उन्होने कहा कि इस अभियान के अन्तर्गत विषेष अभियान चलाया जा रहा है यह रोग परिवार तथा साथ रहेने वाले अन्य लोगों से फैल सकता है। इसी लिए सरकार इस रोग के रोगी की पहचान के लिए अभियान चला रही है। इसके तहत स्वास्थ्य विभाग के कर्मचारी घर-घर जाकर लोगों से बात करेगें और उनके स्वास्थ्य के बारे में जानकारी हासिल करेगे। यादि किसी व्यक्ति में इस बीमारी की सम्भावना हुई तो उसके जांच के मुफ्त व्यवस्था करेगें और उसके बल्गम की जांच निःषुल्क की जायेगी यादि किसी के टीबी पायी गई तो उसके पूरे इलाज की मुफ्त व्यवस्था की जायेगी। ऐसे में लोगो से अपील है कि वो कर्मचारियों को जांच में पूरा सहयोग करे मरीजों की समस्त जांच व दवाइयां सभी सरकारी सवास्थ्य केन्द्र पर निःषुल्क उपलब्ध है। उन्होने कहा कि देखा जाता है कि इलाज के बाद कुछ लोग के लक्षणों की समप्ति पर दवा लेना बंद कर देते है। इससे नियामित उपचार न लेने वाले रोगियो पर दवा कारगर नही रह जाती है और यह रोग दुबारा होने पर लइलाज हो सकता है इस लिए डाक्टर की सलह के बिना इलाज बीच में नही छोड़ना चाहिए।

फांसी लगाकर महिला ने की आत्म हत्या

हापुड (**आरएनएस**)। पारिवारिक कलह मे महिला ने पंखे से लटक कर की आत्म हत्या जानकारी के अनुसार मौहल्ला शक्ति नगर में रुबी नाम की महिला ने आज सुबह 10 बजे फंखे से लटकर आत्महत्या कर ली जानकारी के अनुसार रुबी की उम्र करीब 30 साल बताई गयी है रुबी व उसका पति तरूण ब उनकी सासु मां ब एक छोटी बेटी मौहल्ला शक्ति नगर में रहते हैं आज सुबह 10 बजे के करीब फांसी लगाने से कुछ समय पहले रूबी अपनी बेटी को ऊपर बाले कमरे से नीचे अपनी सासु को देकर आयी।और ऊपर जाकर पंखे में दुपट्टा डालकर फांसी लगा ली कुछ देर बाद जब बेटी रोने लगी तो लडकी की दादी अपनी पोती को लेकर ऊपर छत पर पहुंची ऊपर जाकर उसने देखा तो दरबाजा बंद था। दरबाजे के छेद में झांकर देखा तो रुबी पंखे से लटकर झूल रही थी। रूबी की सास ने इस बात की सूचना मौहल्ला निबासियो को छत पर से ही शोर मचा कर दी मौहल्ला निबासियो ने दरबाजा तोडकर रुबी के शब को पंखे से उतार लिया शब को पंखे से उतारने के बाद पुलिस को सूचना दी गयी। सूचना पाकर पुलिस मौके पर पहुंची मृतिका की सास का रो रो कर बुरा हाल है ब रुबी की बेटी का भी रो रो कर बुरा हाल है रूबी की सासु मां का कहना है की परिवार में सब कुछ ठीक ठाक चल रहा था लेकिन पता नही किस बात पर रुबी ने फांसी लगा ली रूबी के पति तरुण को सूचना दे दी गयी है लेकिन बाहर काम करने के कारण करीब 1घंटे तक तरूण घर पर पहुंच नही पाया था थाना देहात थानाध्यक्ष दीपक त्यागी का कहना है प्रथम दृष्टया में मामला आत्मा हत्या का लग रहा है। आगे की कार्यवाही पोस्टमार्टम रिपोर्ट आने के बाद की जाएगी

बोर्ड परीक्षा शांतिपूर्वक संपन्न कराने को धारा 144 लागू

बागेश्वर,(**आरएनएस**)। आगामी 5 मार्च से 13 अप्रैल के मध्य आयोजित होने वाली केंद्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड की कक्षा 10वीं व 12वीं की परीक्षा होगी। परीक्षा को शांतिपूर्वक तरीके से संपन्न कराने के लिए व्यवस्था को चाक चौबंद किया गया है। सीबीएसइ परीक्षा के लिए कंट्रीवाइड पब्लिक स्कूल पिंडारी रोड, महर्षि विद्या मंदिर मंडलसेरा को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। परीक्षा में असामाजिक तत्वों कोई गड़बड़ी न फैलाए इसके लिए व्यवस्था चाक चौबंद की गई है। एसडीएम एसएस राणा ने बताया कि परीक्षा के दौरान केंद्रों में धारा 144 लागू कर दी गई है। जो परीक्षा समाप्ति तक जारी रहेगी। अगर इस दौरान कोई भी गड़बड़ी करता हुआ पाया गया तो उस पर सख्त कार्रवाई की जाएगी। परीक्षा केंद्रों के 200 मीटर परिधि में ध्वनि विस्तारक यंत्र का प्रयोग प्रतिबंधित रहेगा। पांच या पांच से अधिक व्यक्ति अनावश्यक रूप से परीक्षा केंद्रों के पास जमा नही होंगे। उल्लघंन करने वालों पर आइपीसी की धारा 188 के तहत कार्रवाई की जाएगी। हाइस्कूल व इंटर की परिषदीय परीक्षा के लिए बागेश्वर तहसील में विमोजो स्मारक राइंका, राबाइंका, राइंका मंडलसेरा, विविमइंका मंडलसेरा, राइंका रवाईखाल, इंका चैराली, इंका दफौट, इंका असों, राइंका काफलीगैर, राइंका भटखोला, राइंका देवलधार, राइंका बोहाला, राइंका सैंज, राइंका खुनौली, राइंका बनलेख, इंका दोफाड़ को परीक्षा केंद्र बनाया गया है। इन केंद्रों के पास परीक्षा के दौरान धारा 144 लागू कर दी गई है।

ज्यादा वसूली की चाहत नगर निगम को पड़ी महंगी

गोरखपुर (**आरएनएस**)। ज्यादा वसूली की चाहत नगर निगम को काफी मंहगी पड़ी है। निगम के विभिन्न टैक्सी स्टैंडों, बस स्टैंडों एवं पार्किंग स्थलों से ठेका व्यवस्था समाप्त कर खुद वसूली के फैसले से आमदनी तो बढ़ी नहीं उल्टा हर माह लाखों रुपये का नुकसान उठाना पड़ रहा है। आमदनी में आई कमी को लेकर महापौर सीताराम जायसवाल ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर इसका जवाब मागा है। उन्होंने पूछा है निगम को हुई नुकसान की भरपाई आखिर कौन करेगा। साथ ही अपर नगर आयुक्त को इसका प्रभारी बनाए जाने पर सवाल उठाए हैं। जेल रोड स्थित टैक्सी स्टैंड की वसूली नगर निगम ने ठेके पर दिया था। एक अप्रैल 2017 से जून 2017 तक इस स्टैंड से हर माह निगम को 1.20 लाख की आय होती थी। वहीं विगत अगस्त माह से अपर नगर आयुक्त डीके सिन्हा को प्रभारी बनने के बाद ठेका समाप्त हो गया। निगम के कर्मचारियों से वसूली कराने पर छह माह में 463318 रुपये मिले, जो ठेके की अपेक्षा बहुत कम है। इस दौरान निगम को 6.18 लाख का घाटा हुआ। वहां का भी प्रभारी डीके सिन्हा को बनाया गया था। स्टैंड पर ठेके के दौरान प्रतिमाह आय 47,917 रुपये थी तो वहीं ठेका खत्म करने के बाद तीन माह में कर्मचारियों ने मात्र 18,800 रुपये ही वसूले हैं। इस हिसाब से उक्त स्टैंड से निगम को 2,87502 रुपये का घाटा हुआ। आय में कमी के मामले को गंभीरता से लेते हुए महापौर ने नगर आयुक्त को पत्र लिखकर जवाब मांगा है। साथ ही ठेकेदार द्वारा बीच सत्र में कार्य छोड़ने पर भी सवाल उठाए हैं। उन्होंने पूछा है कि यदि ठेकेदार ने निविदा शर्तो का उल्लघंन किया है तो उनके खिलाफ विभाग ने क्या कार्रवाई की है। क्या ठेकेदार को ब्लैक लिस्ट में डाला गया है, निगम की आय में निराशाजनक कमी होने पर क्षति के लिए कौन उत्तरदायी है। कर्मचारियों ने कम वसूली की है तो इस पर संबंधित अधिकारी ने उनके खिलाफ क्या कार्यवाही की है। इसके अलावा महापौर ने कई अन्य बिंदुओं पर एक सप्ताह के अंदर नगर आयुक्त से जवाब मांगा है।

संविधान से ऊपर मानकर अनुचित व्यवहार कर रही है मोदी सरकार

लखनऊ ,(**आरएनएस**)। बी.एस.पी. की राष्ट्रीय अध्यक्ष मायावती ने मोदी सरकार द्वारा कोयला क्षेत्र का भी निजीकरण करके प्राइवेट कम्पनियों को कोयला खदानों में उत्पादन व इस्तेमाल की अनुमति देने के फैसले को ''धन्नासेठों का तुष्टीकरण'' करने की एक और नीति बताया है। उन्होंने कहा है कि कुछ मुठ्ठीभर बड़े-बड़े पूँजीपतियों व धन्नासेठों के हित में तो एक-के-बाद-एक लगातार काम किये जा रहे हैं परन्तु देश के सवा सौ करोड़ ग़रीबों, मज़दूरों, किसानों, युवाओं, बेरोज़गारों व अन्य मेहनतकश लोगां से किये गये 'अच्छे दिन' के वायदे आदि क्यों नहीं पूरे किये जा रहे हैं, जबकि इनमें ही देश का असली हित निहित है। मायावती ने कहा है कि कोयला जैसी महत्त्वपूर्ण राष्ट्रीय सम्पत्ति का भी दोहन करने के लिये इसका निजीकरण करना एक बड़ी चिन्ता की बात हैं। मायावती ने आईपीएन को दिए अपने बयान में कहा कि मोदी सरकार हर बड़े व महत्त्वपूर्ण क्षेत्र का निजीकरण करके एक ऐसे गुप्त एजेण्डे पर काम कर रही है जिससे दलितों व पिछड़े वर्गे के लिये रोजगार में आरक्षण की संवैधानिक व्यवस्था बुरी तरह से प्रभावित तो हो ही रही है, इससे देश का भी अहित हो रहा है। उन्होंने कहा कि इसका ख़ामियाजा पूरे देश को काफी लम्बे समय तक भुगतना पड़ेगा, क्योंकि पूरा देश खुली आँखों से देख रहा है कि निजी क्षेत्र की कम्पनियाँ देश को लूटने में लगी हुई हैं और बीजेपी सरकार अपना कान, आँख सब कुछ बन्द किये हुये है। देश लुट रहा है और सेवादार व चौकीदार सब सत्ता के नशे में धुत नज़र आ रहे है।

मायावती ने कहा कि कुल मिलाकर देश में कानून-व्यवस्था व अपराध-नियन्त्रण की तरह आर्थिक जगत में भी पूरी तरह से अराजकता व जंगलराज लागू हो गया लगता है। उन्होंने कहा कि मोदी सरकार अपने आपको कानून व संविधान से ऊपर मानकर अनुचित व्यवहार कर रही है। उसे लगता है कि बीजेपी की सरकार द्वारा किये जा रहे हर अनैतिक व आपराधिक कृत्य वाले काम भी देशहित में ही है। मायावती ने कहा कि मोदी सरकार के लगभग चार वर्ष के कार्यकाल में देश की आमजनता ने यह महसूस कर लिया है कि देश की सम्पत्ति को लूटने व लूटाने के मामले में कांग्रेस व बीजेपी दोनों ही पार्टियों की सरकारें चोर-चोर मौसेरे भाई ही लगते हैं, जो कि देशहित में अत्यन्त ही घातक प्रवृत्ति है।

जनसंख्या नियंत्रण के लिए सख्त कानून की मांग

मेरठ,(**आरएनएस**)। जनसंख्या नियंत्रण कानून के लिए आयोजित भारत बचाओ रथयात्रा का जीरो माइल पहुंचने पर भव्य स्वागत किया गया। चैधरी चरण सिंह विश्वविद्यालय के बृहस्पति भवन में सभा का आयोजन किया गया। हम दो हमारे दो तो सबके हो का नारा लेकर भारत बचाओ यात्रा कन्याकुमारी तक निकाली जा रही है। रथ यात्रा के माध्यम से देश की बढ़ती जनसंख्या रोकने के लिए सख्त जनसंख्या नियंत्रण कानून बनाने की मांग की जाएगी। सेवानिवृत्त सैन्य अधिकारी एसबी सिन्हा, विवेकानंद, ने अपने अनुभव साझा किए। स्वामी नरसिंहानंद, चेतना शर्मा आदि मौजूद रहे।